Civil Services (Main)
Examination, 2026

**वियोज्य DETACHABLE**

# वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र I)

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घंटे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'     SECTION 'A'

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिये :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**1.(a)** लाभ-मात्रा अनुपात क्या है ? यह लाभ नियोजन में कैसे मदद करता है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित समझाइए ।

What is Profit-Volume ratio ? How does it help in Profit planning ? Explain with suitable examples. 10

**1.(b)** संविलयन की प्रकृति वाले समामेलन और क्रय की प्रकृति वाले समामेलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

Distinguish between Amalgamation in the nature of merger and Amalgamation in the nature of purchase. 10

**1.(c)** सीमान्त लागत विधि से आप क्या समझते हैं ? किस प्रकार से सीमान्त लागत विधि विभिन्न प्रबन्धकीय समस्याओं के समाधान हेतु उपयोगी है ?

What do you understand by 'marginal costing' ? How is marginal costing useful for solving various managerial problems ? 10

**1.(d)** उन अनुलाभों की विवेचना कीजिए जो सभी कर्मचारियों के लिए करयोग्य है ।

Discuss the perquisites which are taxable for all employees. 10

**1.(e)** एक धर्मार्थ ट्रस्ट के खातों का लेखा परीक्षण करते समय एक लेखा परीक्षक द्वारा विचार की जाने वाली प्रमुख विन्दुओं को समझाइये ।

Explain the major points to be considered by an auditor while auditing the accounts of a charitable trust. 10

**2.(a)** एक्स लिमिटेड तथा वाई लिमिटेड समामेलन के लिए सहमत हुए हैं तथा एक नयी कंपनी जेड लिमिटेड बनी जो दोनों कंपनियों की सभी संपत्तियों और दायित्वों का अधिग्रहण कर लेगी । एक्स लिमिटेड की दशा में संपत्ति एवं दायित्व पुस्तक मूल्य पर अधिग्रहण किए जाएगें तथा जेड लिमिटेड के 5 शेयर 10 प्रतिशत प्रीमियम पर (अर्थात ₹11 प्रति शेयर), एक्स लिमिटेड के 4 शेयरों के पीछे दिये जाएगें ।

**वाई लिमिटेड की दशा में**

(i) वाई लिमिटेड के ऋणपत्रों का भुगतान जेड लिमिटेड में 10% की छूट पर समान संख्या में ऋणपत्र जारी करके किया जाएगा ।

(ii) वाई लिमिटेड के 10% अधिमान शेयर धारकों को वाई लिमिटेड के प्रत्येक पांच अधिमान शेयरो के बदले जेड लिमिटेड में चार अधिमान शेयर ₹100 प्रति दिये जाएगे ।

(iii) संयंत्र और मशीनरी को 10% घटाकर और विविध देनदारों पर 5% प्रदान करके, परिसंपत्तियों के मूल्यों को समायोजित करने के पश्चात् इक्विटी शेयरधारकों को जेड लिमिटेड में पर्याप्त शेयर आबंटित किए जाऐगें ताकि उनके खातों में शेष राशि को कवर किया जा सके ।

समामेलन से तुरंत पूर्व दोनों कंपनियों के तुलन पत्र इस प्रकार थे :

| दायित्व | एक्स लिमिटेड | वाई लिमिटेड | परिसम्पत्तियाँ | एक्स लिमिटेड | वाई लिमिटेड |
|---|---|---|---|---|---|
| | ₹ | ₹ | | ₹ | ₹ |
| समता शेयर पूंजी ₹10 प्रत्येक | 8,00,000 | 10,00,000 | संयन्त्र एवं मशीनरी | 16,00,000 | 16,00,000 |
| 10% अधिमान शेयर ₹200 प्रत्येक | – | 6,00,000 | स्टॉक | 1,30,000 | 1,20,000 |
| 14% ऋणपत्र | – | 4,00,000 | देनदार | 1,90,000 | 1,00,000 |
| लाभ एवं हानि खाता | 10,00,000 | – | लाभ एवं हानि खाता | – | 2,80,000 |
| आकस्मिक संचय | 1,00,000 | – | बैंक | 1,30,000 | 80,000 |
| लेनदार | 1,50,000 | 1,80,000 | | | |
| | 20,50,000 | 21,80,000 | | 20,50,000 | 21,80,000 |

आपको :

(i) एक्स लिमिटेड और वाई लिमिटेड के क्रय प्रतिफल की गणना करनी है ।

(ii) वाई लिमिटेड की पुस्तकों में रोजनामचा प्रविस्टियाँ कीजिए ।

(iii) जेड लिमिटेड का तुलन पत्र तैयार कीजिए ।

X ltd. and Y ltd. agreed to amalgamate and form a new company Z ltd. which will take over all the assets and liabilities of the two companies. In the case of X ltd., the assets and liabilities are to be taken over at book value for shares in Z ltd., at the rate of 5 shares in Z ltd., at 10% premium (i.e. ₹11 per share) for every 4 shares in X ltd.

**In the case of Y ltd. :**

(i) The debentures of Y ltd. would be paid off by the issue of an equal number of debentures in Z ltd. at a discount of 10%.

(ii) The holders of 10% preference shares of Y ltd. would be allotted four, 12% preference shares of 100 each in Z ltd. for every five preference shares in Y ltd.

(iii) The equity share holders would be allotted sufficient shares in Z ltd., to cover the balance on their accounts after adjusting assets values by reducing plants and machineries by 10% and providing 5% on sundry debtors.

The summarised balance sheets of the two companies just prior to amalgamation were as follows :

| *Liabilities* | *X ltd.* | *Y ltd.* | *Assets* | *X ltd.* | *Y ltd.* |
|---|---|---|---|---|---|
| | ₹ | ₹ | | ₹ | ₹ |
| Equity share capital of ₹10 each | 8,00,000 | 10,00,000 | Plant and machinery | 16,00,000 | 16,00,000 |
| 10% Preference shares of ₹200 each | – | 6,00,000 | Stock | 1,30,000 | 1,20,000 |
| 14% Debentures | – | 4,00,000 | Debtors | 1,90,000 | 1,00,000 |
| Profit & Loss a/c | 10,00,000 | – | Profit & Loss a/c | – | 2,80,000 |
| Contingency Reserve | 1,00,000 | – | Bank | 1,30,000 | 80,000 |
| Creditors | 1,50,000 | 1,80,000 | | | |
| | 20,50,000 | 21,80,000 | | 20,50,000 | 21,80,000 |

You are required to :

(i) Calculate the purchase consideration for X ltd. and Y ltd.

(ii) Show journal entries in the books of Y ltd.

(iii) Prepare balance sheet of Z ltd. 20

**2.** (b) सेवा कर क्या है ? इसकी विशेषताओं की विवेचना कीजिए। जी एस टी दरों में बदलाव के पीछे के औचित्य को स्पष्ट कीजिए।

What is service tax ? Discuss its features. Explain the rationale behind changing the GST rates. 15

**2.** (c) विशेष अनुसन्धान नियमित अनुसन्धान से किस प्रकार भिन्न है ? उन मुख्य विन्दुओं की विवेचना कीजिए जिन्हें एक अनुसन्धानकर्ता द्वारा विशेष अनुसन्धान के दौरान अवश्य विचार करना चाहिये।

How is special investigation different from regular investigation ? Discuss the Key Points that an Investigator must consider in special investigation. 15

**3.** (a) आगरा के मिस्टर A ने अपने किराये पर दिये हुए आवासीय मकान के लिए निम्नलिखित विवरण पेश किए :

(A) किराएदार से मकान तथा विभिन्न सुविधाओं के लिए किराया प्राप्त हुआ ।

| | राशि (₹) |
|---|---|
| (i) मकान के लिए | 16,000 प्रति माह |
| (ii) लिफ्ट रख-रखाव के लिए | 1,600 प्रति माह |
| (iii) सुरक्षा व्यय | 1,400 प्रति माह |
| (iv) बिजली तथा पानी के लिए | 1,600 प्रति माह |

| | |
|---|---|
| (B) नगरपालिका मूल्यांकन | 1,70,000 प्रति वर्ष |
| (C) उचित किराया मूल्य | 1,52,000 प्रति वर्ष |
| (D) मानक किराया | 1,40,000 प्रति वर्ष |
| (E) नगरपालिका कर, नगरपालिका मूल्य का 10% (50% किराएदार द्वारा भुगतान किया जाना है) | |
| (F) मुरम्मत व्यय जो किराएदार ने वहन किए | 10,000 |
| (G) बीमा प्रीमियम | 2,000 |
| (H) मकान नवीनीकरण के लिए 2014 में लिए गए ऋण पर ब्याज | 50,000 प्रति वर्ष |
| (I) अप्राप्य किराया प्राप्त हुआ (वास्तविक ₹48,000, परन्तु छूट ₹36,000 की मिली) | 24,000 |

कर-निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए मिस्टर A की मकान सम्पत्ति से आय एवं अन्य आय की गणना कीजिए, यह मानते हुए कि उसने ₹22,000 किराएदार को सुविधाएं प्रदान करने पर खर्च किये ।

Mr. A of Agra submits the following particulars of his let out residential house :

(A) Rent received for house as well as for various amenities provided to the tenant.

| | Amount (₹) |
|---|---|
| (i) For House | 16,000 per month |
| (ii) For lift maintenance | 1,600 per month |
| (iii) For security charges | 1,400 per month |
| (iv) For electricity and water | 1,600 per month |

| | |
|---|---|
| (B) Municipal valuation | 1,70,000 per annum |
| (C) Fair Rental value | 1,52,000 per annum |
| (D) Standard Rent | 1,40,000 per annum |
| (E) Municipal Taxes 10% of Municipal valuation (50% to be paid by tenant) | |

(F) Repair expenses met by tenant 10,000

(G) Insurance premium 2,000

(H) Interest on loan taken in 2014 for Renovation of the house 50,000 per annum

(I) Unrealized rent recovered (Actual ₹48,000 but deduction allowed ₹36,000 only) 24,000

Compute Mr. A's income from house property and any other income for the Assessment year 2025-26, assuming that Mr. A spent ₹22,000 on providing facilities to the tenant. 20

**3.** (b) एक निर्माता तीन प्रक्रियाओं के माध्यम से कुछ वस्तुओं का उत्पादन करता है। प्रक्रिया हस्तांतरण में लाभ शामिल नहीं है, लेकिन गोदाम में रखे माल को लागत मूल्य पर 25 प्रतिशत लाभ जोडकर बेचा जाता है। प्रत्येक प्रक्रिया में डाले गये वजन का 5 प्रतिशत नष्ट हो जाता है और 20 प्रतिशत व्यर्थ (स्क्रैप) हो जाता है, जिससे प्रक्रिया ए और बी से ₹20 प्रति टन और प्रक्रिया सी से ₹5 प्रति टन प्राप्त होता है। तीनो प्रक्रियाओं के उत्पादन का विवरण निम्नांकित है :

| विवरण | प्रक्रिया ए | | प्रक्रिया बी | | प्रक्रिया सी | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | टन | ₹ | टन | ₹ | टन | ₹ |
| सामग्री | 2000 | 20,000 | 1100 | 30,000 | 400 | 4,000 |
| मजदूरी | | 8,000 | | 4,000 | | 12,000 |
| व्यय | | 12,000 | | 6,000 | | 4,000 |
| अगली प्रक्रिया में ले जाया गया | | 60% | | 80% | | – |
| गोदाम में ले जाया गया | | 40% | | 20% | | 100% |

प्रक्रिया खाता और गोदाम खाता बनाइए।

A manufacturer produces certain goods through three processes. Profit is not included in the process transferred but goods in godown are sold at cost plus 25% profit. In each process 5% of weight put in it is lost and 20% is scrapped, which from Process A and Process B realises ₹20 per ton from Process C ₹5 per ton. The details of production of three processes are given below :

| Particulars | Process A | | Process B | | Process C | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ton | ₹ | ton | ₹ | ton | ₹ |
| Material | 2000 | 20,000 | 1100 | 30,000 | 400 | 4,000 |
| Wages | | 8,000 | | 4,000 | | 12,000 |
| Expenses | | 12,000 | | 6,000 | | 4,000 |
| Passed to next process | | 60% | | 80% | | – |
| Carried to Godown | | 40% | | 20% | | 100% |

Prepare Process Accounts and Godown Accounts. 15

**3.** (c) शेयरों की वापस खरीद के कारणों और प्रक्रिया को समझाइये।

Explain the reasons and process of buy back of shares. 15

**4.** (a) एक फर्म की वित्तीय स्थिति 31 मार्च 2024 तथा 2025 को निम्नप्रकार थी :

| विवरण | 31.3.2024 | 31.3.2025 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| I. इक्विटी एवं दायित्व | | |
| *शेयर धारक निधि* : | | |
| अंश पूँजी | 2,96,000 | 2,98,000 |
| *अप्रचलित दायित्व* : | | |
| सहायक कंपनी से ऋण | – | 40,000 |
| बैंक से ऋण | 60,000 | 50,000 |
| चालू दायित्व | 72,000 | 82,000 |
| | 4,28,000 | 4,70,000 |
| II. परिसम्पत्तियाँ | | |
| *अप्रचलित परिसम्पत्तियाँ* : | | |
| मशीनरी | 2,14,000 | 2,44,000 |
| घटा : अब तक का मूल्यह्रास | 54,000 | 72,000 |
| | 1,60,000 | 1,72,000 |
| भवन | 1,00,000 | 1,10,000 |
| भूमि | 40,000 | 60,000 |
| *चालू परिसम्पत्तियाँ* : | | |
| स्टॉक | 50,000 | 44,000 |
| व्यापार प्राप्तियाँ | 70,000 | 76,800 |
| नकदी व नकदी समान | 8,000 | 7,200 |
| | 4,28,000 | 4,70,000 |

वर्ष के दौरान ₹52,000 लाभांश के रूप में भुगतान किए गये। अप्रत्यक्ष विधि से रोकड प्रवाह विवरण तैयार कीजिए।

The financial position of a firm as on 31st March 2024 and 2025 was as under :

| Particulars | 31.3.2024 | 31.3.2025 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| I. EQUITY & LIABILITIES | | |
| *Shareholders funds* : | | |
| Share capital | 2,96,000 | 2,98,000 |
| *Non-Current Liabilities* : | | |
| Loan from subsidiary company | – | 40,000 |
| Loan from Bank | 60,000 | 50,000 |
| Current Liabilities | 72,000 | 82,000 |
| | 4,28,000 | 4,70,000 |
| II. ASSETS | | |
| *Non-Current Assets* : | | |
| Machinery | 2,14,000 | 2,44,000 |
| Less : Depreciation up to date | 54,000 | 72,000 |
| | 1,60,000 | 1,72,000 |
| Building | 1,00,000 | 1,10,000 |
| Land | 40,000 | 60,000 |
| *Current Assets* : | | |
| Inventories | 50,000 | 44,000 |
| Trade receivables | 70,000 | 76,800 |
| Cash & Cash equivalents | 8,000 | 7,200 |
| | 4,28,000 | 4,70,000 |

During the year ₹52,000 was paid as dividend. Prepare cash flow statement as per Indirect Method. 20

**4.** (b) उत्तरदायित्व लेखाकरण क्या है ? यह संगठनात्मक प्रभावशीलता को बेहतर बनाने में कैसे योगदान देता है ?

What is Responsibility Accounting ? How does it contribute in improving the organizational effectiveness ? 15

**4.** (c) ग्लोबल लिमिटेड दो बुनियादी कच्चे माल को मिलाकर एक वस्तु का उत्पादन करती है। यह प्रमाप लागत विधि का प्रयोग करती है और कच्चे माल के लिए निम्नलिखित प्रमाप निर्धारित किये गये हैं :

| सामग्री | प्रमाप मिश्रण | प्रमाप दर प्रति किलोग्राम |
|---|---|---|
| A | 40% | ₹8 |
| B | 60% | ₹6 |

प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) मे मानक हानि 15 प्रतिशत है। अप्रैल 2026 के दौरान कंपनी ने 3400 किलोग्राम तैयार उत्पाद का उत्पादन किया।

अप्रैल 2026 के लिए स्टॉक और क्रय की स्थिति इस प्रकार है :

| सामग्री | स्टॉक 1.4.26 | स्टॉक 30.4.26 | अप्रैल माह में क्रय | |
|---|---|---|---|---|
| | | | किलोग्राम | लागत |
| | किलोग्राम | किलोग्राम | | (₹) |
| A | 70 | 10 | 1600 | 6800 |
| B | 80 | 100 | 2400 | 6000 |

सामग्री विचरणों का विश्लेषण कीजिए ।

Global ltd., produces an article by blending two basic raw materials. It operates a standard costing system and the following standards have been set for raw materials :

| Materials | Standard Mix | Standard rate per Kg |
|---|---|---|
| A | 40% | ₹8 |
| B | 60% | ₹6 |

The standard loss is processing is 15%. During April 2026 the company produced 3400 kg of finished output.

The position of stock and purchases for the month of April 2026 is as under :

| Material | Stock 1.4.26 | Stock 30.4.26 | Purchases during April | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Kg | Cost |
| | Kg | Kg | | ₹ |
| A | 70 | 10 | 1600 | 6800 |
| B | 80 | 100 | 2400 | 6000 |

Analyse material variance. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिये :
Answer each of the following questions in about 150 words : 10×5=50

5. (a) ईक्विटी की लागत की गणना करने के लिए सी ए पी एम (CAPM) दृष्टिकोण की व्याख्या कीजिए । इस दृष्टिकोण के गुण और दोषों की विवेचना कीजिए ।

Explain the CAPM approach for computing the cost of equity. Discuss the merits and demerits of the approach. 10

5. (b) लाभांश निर्णय के गॉर्डन मॉडल की विवेचना कीजिए ।

Discuss Gordon's model of dividend decision. 10

5. (c) कोष प्रवाह विवरण क्या होता है ? इसके प्रबंधकीय उपयोगों की विवेचना कीजिए ।

What is a Funds Flow Statement ? Discuss its managerial uses. 10

5. (d) नवीन ऋण साधनों के उद्भव के कारणों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the reasons for the emergence of Innovative Debt Instruments. 10

**5.** (e) भारत में साख निर्धारण (क्रेडिट रेटिंग) एजेंसियों की भूमिका की विवेचना कीजिए।
Discuss the role of credit rating agencies in India. 10

**6.** (a) भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की वर्षोपान्त विवेचना कीजिए। भारतीय रिजर्व बैंक के पास उपलब्ध मौद्रिक नीति के साधनों की व्याख्या कीजिए।
Discuss the monetary policy of the Reserve Bank of India over the years. Explain the tools of monetary policy available with the Reserve Bank of India. 10+10

**6.** (b) निम्नलिखित आंकडे दो कंपनियों एक्स और वाई से संबंधित हैं जो कि समतुल्य जोखिम श्रेणी से संबंध रखती है :

| | *कंपनी एक्स* | *कंपनी वाई* |
|---|---|---|
| ईक्विटी शेयरों की संख्या | 2,00,000 | 3,00,000 |
| 10% ऋणपत्र | 1,00,000 | – |
| प्रति शेयर बाजार मूल्य | ₹1·30 | ₹1·00 |
| ब्याज से पहले लाभ | ₹40,000 | ₹40,000 |

ऋणपत्र पर ब्याज चुकाने के बाद सभी लाभ लाभांश के रूप में वितरित किए जाते हैं। मोदिग्लियानी एवं मिल्लर दृष्टिकोण के तहत समझाइए कि कैसे कंपनी एक्स में 10% शेयर रखने वाले निवेशक को कंपनी वाई में अपना निवेश बदलने से लाभ होगा।

The following is the data regarding two companies X and Y belonging to the same equivalent risk class :

| | *Company X* | *Company Y* |
|---|---|---|
| Number of Equity Shares | 2,00,000 | 3,00,000 |
| 10% Debentures | 1,00,000 | – |
| Market price per share | ₹1·30 | ₹1·00 |
| Profit before interest | ₹40,000 | ₹40,000 |

All profits after paying interest on debentures are distributed as dividends. Explain how under Modigliani and Miller approach, an investor holding 10% of shares in Company X will be better off in switching his holdings to Company Y. 15

**6.** (c) प्राप्य राशियों को बनाए रखने की लागतों का वर्णन कीजिए। प्राप्य राशियों के आकार को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।
Describe the costs of maintaining receivables. Explain the factors which influence the size of receivables. 15

**7.** (a) निम्नलिखित सूचनाओं का प्रयोग करते हुए, नीचे दिये गये तुलन पत्र को पूरा कीजिए :

कुल ऋण और शुद्ध संपत्ति अनुपात – 0·5 : 1
कुल परिसंपत्तियों का टर्नओवर (वर्ष के अंत में बिक्री आंकडों के आधार पर) – 2
सकल लाभ – 20 प्रतिशत
औसत वसूली अवधि (वर्ष में 360 दिनों के आधार पर) – 30 दिन
भडार (इन्वेंट्री) टर्नओवर (बेचे गये माल की लागत और वर्ष के अंत में भडार (इन्वेंट्री) के आधार पर) – 3
अम्ल परख अनुपात – 0·8 : 1

सभी बिक्री उधार (क्रेडिट) आधार पर मानी जाती है।

| तुलन पत्र | | | |
|---|---|---|---|
| देयताएँ एवं ईक्विटी | (₹) | परिसम्पतियाँ | (₹) |
| नोटस और देय खाते | – | नकदी | – |
| सामान्य स्टाक | 9,00,000 | प्राप्य खाते | – |
| प्रतिधारित आय | 13,50,000 | इन्वेंट्री | – |
| | | उपकरण | – |
| कुल | | कुल | |

Using the following information, complete the Balance Sheet given below :

Total Debt to Net worth – 0·5 : 1

Turnover of total assets (based on year end sales figure) – 2

Gross profit ratio – 20 percent

Average collection period (based on 360 days) – 30 days

Inventory turnover (based on cost of goods sold and year-end inventory) – 3

Acid-Test Ratio – 0·8 : 1

All sales are assumed to be on credit basis.

| **Balance Sheet** | | | |
|---|---|---|---|
| Liabilities and Equity | (₹) | Assets | (₹) |
| Notes and Accounts Payable | – | Cash | – |
| Common Stock | 9,00,000 | Accounts Receivable | – |
| Retained Earnings | 13,50,000 | Inventory | – |
| | | Equipment | – |
| Total | | Total | |

20

**7.** (b) एक कंपनी एक नए उपकरण की स्थापना के प्रस्ताव पर विचार कर रही है जिसके लिए ₹400 लाख के निवेश की आवश्यकता है। उपकरण का अनुमानित जीवन 5 वर्ष है और इसका कोई अवशिष्ट मूल्य नहीं है। इस परियोजना से अगले पांच वर्षों में मूल्यह्रास और करों से पूर्व निम्नलिखित आय प्राप्त होने की उम्मीद है :

| वर्ष | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| आय (₹ लाख में) | 185 | 190 | 190 | 195 | 175 |

परियोजना के लिए अतिरिक्त पूंजी जुटाने की लागत 14 प्रतिशत है। मान लीजिए की कंपनी को कर (टैक्स) उद्देश्यों के लिए सीधी रेखा पद्धत्ति के आधार पर मूल्यह्रास लगाने की अनुमति है और कर की दर 40 प्रतिशत है।

आपको परियोजना का शुद्ध वर्तमान मूल्य ज्ञात करना है और प्रबंधन को उचित निर्णय लेने के लिए सलाह देनी है।

14% की बट्टागत दर पर ₹1 का वर्तमान मूल्य 5 वर्षों के लिए निचे दिया गया है :

| वर्ष | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| 14% पर वर्तमान मूल्य | 0·877 | 0·769 | 0·675 | 0·592 | 0·519 |

A company is considering the proposal of installing a new equipment which requires an investment of ₹400 lakhs. The expected life of the equipment is 5 years without any salvage value. The project is expected to generate the following earnings before depreciation and taxes over the next 5 years :

| Years | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| Earnings (₹ in lakh) | 185 | 190 | 190 | 195 | 175 |

The cost of raising additional capital for the project is 14 percent. Assume that the company is allowed to charge depreciation on straight-line basis for tax purposes and that the tax rate is 40 percent.

You are required to calculate the net present value of the project and advise the management to take appropriate decision.

Present value of ₹1 at the discounting rate of 14 percent is given below for 5 years :

| Year | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| PV at 14% | 0·877 | 0·769 | 0·675 | 0·592 | 0·519 |

15

**7.** (c) भारत में जोखिम (वेंचर) पूंजीपतियों द्वारा वित्तपोषण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। इस सन्दर्भ में उनके द्वारा वित्तपोषण के लिए उपयोग किए जाने वाले निवेश साधनों के प्रकारों की विवेचना कीजिए।

Explain the process of financing by the venture capitalists in India. In this context, discuss the types of investment instruments used by them for financing. 15

**8.** (a) "पारस्परिक निधि के माध्यम से प्रतिभूतियों में निवेश करना प्रत्यक्ष निवेश की तुलना में बेहतर विकल्प है" — इस कथन की व्याख्या कीजिए। भारत में प्रचलित पारस्परिक निधि के प्रकारों की भी विवेचना कीजिए।

"Investing in securities through mutual funds is a better choice than direct investment" — explain the statement. Also discuss the types of mutual funds prevalent in India. 20

**8.** (b) एक कंपनी की प्रति शेयर आय ₹9 है और लागू पूँजीकरण दर 12 प्रतिशत है। कंपनी के पास (i) 50, (ii) 60 और (iii) 100 प्रतिशत लाभांश भुगतान अनुपात अपनाने का विकल्प है।

वॉल्टर माडल के अनुसार कंपनी के सूचीबद्ध शेयरों का बाजार मूल्य ज्ञात कीजिए, यदि कंपनी अपनी प्रतिधारित आय पर (A) 15, (B) 12 और (C) 5 प्रतिशत का प्रतिफल अर्जित कर सकती है।

The earning per share of a company is ₹9 and the rate of capitalisation applicable is 12 percent. The company has before it, an option of adopting (i) 50, (ii) 60 and (iii) 100 percent dividend payout ratio.

Compute the market price of the company's quoted shares as per Walter's Model if it can earn a return of (A) 15, (B) 12 and (C) 5 percent of its retained earnings.
15

**8.** (c) विलय के प्रकारों की विवेचना कीजिए। विलय के वित्तीय उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

Discuss the types of mergers. Explain the financial objectives of mergers. 15

---